मुंबई मेट्रो का नया लोगो जारी

समय के साथ बदलाव

मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन का नया लोगो लांच करते प्राधिकरण आयुक्त यू.पी.एस. मदान, एमएमआरसी प्रकल्प संचालिका अश्विनी भिड़े, केंद्रीय नगर विकास विभाग के अवसर सचिव अंबुज वाजपेयी, एस.के. गुप्ता, आर. रमणा आदि.

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. मुंबई महानगर की प्रतिष्ठापरक महत्वाकांक्षी परियोजना मेट्रो-3 को प्रारंभ करने जा रही मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने नए कलेवर व तेवर के साथ नया लोगो जारी किया. बांद्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स स्थित मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण कार्यालय में एक समारोह में नए लोगो को जारी किया गया.

- इस अवसर पर प्राधिकरण के आयुक्त यू.पी.एस. मदान ने कहा कि इसके पहले के लोगो को मेट्रो-3 के उन्नत रास्ते को ध्यान में रखकर बनाया गया था, लेकिन नया लोगो अपने विशेष संदेश की तरफ इंगित करता है.
- पहले शुरुआत में मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन को एक राज्य सरकार की कंपनी के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब वह राज्य व केंद्र सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आगे बढ़ेगी.
- मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन की व्यवस्थापकीय संचालिका अश्विनी भिड़े के अनुसार आज मुंबई की यातायात व्यवस्था सुधारने तथा लोकल की भीड़ कम कर दुर्घटनाओं को रोकने मेट्रो-3 परमावश्यक है. नया लोगो अपनी पहचान व संदेश के साथ सामने लाया गया है.

मे. डिजाइन्स ओआरबी ने तैयार किया लोगो

इस नए लोगो को मे. डिजाइन्स ओआरबी द्वारा तैयार किया गया है. एमएमआरसी के नए लोगो के लांचिंग अवसर पर प्रमुख रूप से केंद्रीय नगर विकास विभाग के अवर सचिव अंबुज वाजपेयी, संचालक (प्रकल्प) एस.के. गुप्ता, ए.ए. भट्ट, डी.जी. दिवटे, एस.आर. नंदरगीकर, आर. रमणा, इंद्रनील सरकार, आर.एम. गोटाफोड़े, महाव्यवस्थापक (एच.आर.) दिलीप कवठकर, रितुदेव, पूर्णिमा बुरटे, माया पटोले आदि मौजूद थे.